बरेली । बृहस्पतिवार । 28 नवंबर 2013

अमर उजाला

SMARAK COLLEGE OF E

एसआरएमएस में हुआ इन्स्पायर-2013

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इन्स्पायर-2013 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संस्था की ट्रस्ट ऋचा मूर्ति ने की। इस मौके पर आठ जिलों के प्रथम श्रेणी के विद्यार्थी शामिल हुए। पहले मेंटर नेशनल एकेडमी एंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी उत्तर प्रदेश के सदस्य प्रो. लक्ष्मीकांत शर्मा ने विद्यार्थियों को सफलता पंचभुज के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 2012 को डॉ. श्रीनिवास रामानुजम की 125वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री की ओर से नेशनल मैथमेटिक्स वर्ष घोषित किया गया है। दूसरे मेंटर डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने गणित के इतिहास और विकास के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन अमर प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. केके तिवारी और रतीश अग्रवाल का खास सहयोग रहा।